



# शुक्रवार सबसे गर्म दिन रहा, तापमान पहुंचा 42 .5 डिग्री

## सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा रहा तापमान, दिन भर चलती रही गर्म हवाएं, न्यूनतम तापमान 20 .2 डिग्री

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, इस सम प्रदेश के साथ जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है, आसमान से आग बरस रही है. मई-जून जैसी गर्मी अप्रैल में ही शुरू है, नौतपा में स्थित और खराब होगी. इस गर्मी के सीजन का अभी तक का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री शुक्रवार को दर्ज किया गया जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है. वही 24 घंटे के अंदर रात का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री से खिसक कर 20 डिग्री पहुंच गया है.**

हालाकि अभी रात में गर्मी का असर कम है लेकिन जैसे ही तापमान 25 के ऊपर पहुंचेगा रात में भी गर्मी का असर शुरू हो जाएगा. दस किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाए चल रही




है समूचा जिला लू के चपेट में है. सुबह 8 बजे के बाद से तेज धूप शुरू हो जाती है और दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहता है. शाम के बाद खरीददारी के लिये लोग बाहर निकल रहे है. किसी को उम्मीद नही थी कि अप्रैल में इस तरह से गर्मी पड़ेगी. आने वाले दिनो में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच जाएगा. प्रदेश के अन्य जिलो में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है. भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है. मौसमी बीमारी के चलते अस्पताल में मरीजो की संख्या तेजी से बढ़ रही है. संजय गांधी एवं जिला चिकित्सालय में बेड़ भरे हुए है. उल्टी, दस्त, बुखार एवं पीलिया से ग्रसित मरीज अस्पताल पहुंच रहे है. प्रतिदिन ओपीडी में 2 हजार से 22 सौ मरीज पहुंचते है जिसमें से लगभग तीन सौ मरीज प्रतिदिन भर्ती हो रहे है. इसी तरह सुपर अस्पताल में भी हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. भीषण गर्मी एवं खानपान में परहेज न करने के चलते लोग बीमारी की चपेट में आ रहे है. अभी आने वाले दिनो में गर्मी अपना और असर दिखाएगी.

### घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें

जिले में एक सप्ताह से तेज धूप होने से सुबह 10 बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती हैं. जिसके कारण लू लगने की आशंका बढ़ गई है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है. उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें. जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है. दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है. आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले. जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं. खाली पेट घर से बाहर न जायें. इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है. दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें. लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं. बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें.

# बिना राशि जमा कराए भवन आवंटन को लेकर महापौर ने आयुक्त से मांगी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, नगर पालिक निगम रीवा में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आईएचएसडीपी योजना के तहत निर्मित आवासों के आवंटन को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है.**

महापौर अजय मिश्रा बाबा ने आयुक्त को पत्र जारी कर 5 दिवस के भीतर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2008 में आईएचएसडीपी योजना के तहत बनाए गए आवासों का आवंटन बिना निर्धारित न्यूनतम अंशदान राशि लिए कर दिया गया. साथ ही यह भी सामने आया है कि कई स्थानों पर अतिक्रमण कर लोग अवैध रूप से निवास कर रहे हैं. इस संबंध में पहले भी निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विभागीय मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है. इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित ईडब्ल्यूएस भवनों में भी अतिक्रमणकारियों को हटाकर बिना राशि जमा कराए और बिना सक्षम स्वीकृति के आवास आवंटित किए जाने की बात सामने आई है. इससे न केवल अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि नगर निगम को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है. महापौर ने स्पष्ट किया कि योजना के नियमों के अनुसार आवास निःशुल्क देने का कोई प्रावधान नहीं है. पात्र हितग्राहियों को निर्धारित अंशदान राशि (2 लाख से 3.25 लाख) जमा करने के बाद ही आवंटन किया जाना चाहिए. यह मामला सामने आने के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं.

### तीन बिन्दुओं की महापौर ने मांगी जानकारी

उक्त दोनों योजनाओं में निर्मित भवनों की कुल संख्या, आवंटित भवनों की संख्या, पूर्ण राशि जमा वाले प्रकरण, किश्त में चल रहे प्रकरण एवं बिना किसी राशि जमा के आवंटित प्रकरणों का विवरण राशि सहित 05 दिवस के भीतर बिन्दुवार प्रस्तुत करें. जिन प्रकरणों में अंशदान राशि अथवा निर्धारित किश्तें जमा नहीं की जा रही हैं, उन पर नियमानुसार कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से अवगत कराएं. जिन आवासों की किश्तें जमा नहीं हो रही हैं, वे किस अधिकारी/कर्मचारी के कार्यकाल में आवंटित किए गए, यह स्पष्ट जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए. आदेश की अवहेलना अथवा विलम्ब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित कर अवगत कराएं.

## संक्षिप्त




### स्थापना दिवस मनाया गया

**रीवा,** भारतीय शिक्षण मंडल का 57वा स्थापना दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, रीवा में मनाया गया. कार्यक्रम में ध्येय गीत, ध्येय श्लोक, ध्येय वाक्य के उपरांत अतिथियों ने सम्बोधित किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार, मुख्य वक्ता डॉ आशुतोष द्विवेदी जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रीवा, विशिष्ट अतिथि डॉ कमलेश गौतम, अ. भा. संपर्क प्रमुख, डॉ सतीश मिश्रा प्रांत सह मंत्री, जिलाध्यक्ष डॉ जी एन सिंह, जिला मंत्री डॉ अंजनी मिश्रा, जिला संपर्क प्रमुख डॉ के. के. जायसवाल, विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रेमलाल मिश्रा, डॉ राजेंद्र मिश्रा सहित विद्यालय एवं संकुल के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहें.

### संभागीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 27 को

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वतन समिति की बैठक 27 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गयी है. बैठक में रीवा एवं मऊगंज जिलों द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा.



### जेवरात से भरा बैग पुलिस ने किया महिला के सुपुर्द

**रीवा,** सिविल लाइन थाना पुलिस ने पुराने बस स्टैंड में एक महिला के ऑटो मे छूटे सोने-चांदी के आभूषणो से भरे बैग को सीसीटीवी फुटेज के जरिए बरामद करने मे सफलता अर्जित की है. आवेदिका अंजना द्विवेदी द्वारा इस आशय की सूचना दिए जाने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया. एसपी शैलेन्द्र सिंह के निर्देशन पर इस कार्यवाही मे सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह, आरक्षक जावेद खान, आरक्षक अनंत शर्मा व आरक्षक हरिओम पाण्डेय का उल्लेखनीय योगदान रहा. बैग मिलने की खुशी मे आवेदिका अंजना द्विवेदी ने पुलिस टीम को अपनी तरफ से नगद राशि बतौर इनाम के रूप मे भी दी.




### किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया

**चाकघाट,** मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय के तहत ग्रामीण क्षेत्र के भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा चार गुना अधिक किए जाने के विषय को लेकर चाकघाट में भाजपा कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की सराहना की. भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा रीवा के जिला अध्यक्ष प्रशांत पाठक की अगुवाई में चाकघाट के प्रमुख चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण अंचल के किसानों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ढोल तासे के साथ पटाखे फोड़े गए तथा मिठाई बाटी गई. इस अवसर पर मनोनीत पार्षद उमाशंकर केशरवानी, मंडल उपाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अजय कुमार बच्चा, पार्षद सत्यम केसरवानी, अतुल केसरी, मेवालाल गुप्ता, कृष्ण कुमार केसरवानी, सगुन केसरवानी, अरुण मिश्रा आदि लोगों ने चाकघाट के प्रमुख चौराहे पर भाजपा के झंडा बैनर तले जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री को बधाई दी. इस अवसर पर मुख्य चौराहे के पास सभा के माध्यम से किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रशांत पाठक एवं राम लखन गुप्त ने सभा को संबोधित किया. उपस्थित जनसमुदाय के द्वारा मुख्यमंत्री के द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय की प्रशंसा की गई.

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 90 मिनट पहले पहुंचना होगा केन्द्र में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के सफल संचालन के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं.**

इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश हेतु एक नवीन त्रिस्तरीय जांच प्रक्रिया लागू की गई है, जिसके तहत परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग और एचएचएमडी के माध्यम से गहन तलाशी ली जाएगी. जिला प्रशासन ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 90 मिनट पूर्व केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा ताकि समय पर जांच प्रक्रिया पूर्ण की जा सके. प्रशासनिक निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर ही अनुमति एवं वर्जित वस्तुओं की सूची चस्पा की जाएगी जिसका कड़ाई से पालन करना प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य है. सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए दोनों सत्रों में फ्रिस्किंग (जांच) की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसमें पुरुष अभ्यर्थियों की जांच पुरुष वीक्षकों द्वारा तथा महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला वीक्षकों द्वारा पृथक केबिन में की जाएगी.



# आजाद नगर में दूषित पानी मिलने की शिकायत पर पहुंचे निगम आयुक्त

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, शहर के वार्ड क्रमांक 16 आजाद नगर में दूषित पानी की शिकायत मिलने पर नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से समस्या के कारणों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.**

अधिकारियों ने निगम आयुक्त को अवगत कराया कि क्षेत्र में कुछ स्थानों पर बोरवेल एवं पाइपलाइन के आसपास गंदगी तथा जल निकासी संबंधी समस्याओं के कारण पानी दूषित होने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं. साथ ही कुछ स्थानों पर नालियों एवं मैनहोल की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी, जिसे निगम सुधारने के लिए तत्काल कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है. निगम आयुक्त श्री जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि सभी बोरवेल की व्यवस्थित जांच कर प्रत्येक स्थान से पानी के सैंपल लिए जाएं तथा उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए. उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाए. इसके साथ ही निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन घरों के बोरवेल नालियों में बने हुए हैं, वे आगामी 10 दिवस के भीतर उन्हें बंद कर अपने घर के अंदर व्यवस्थित रूप से स्थापित करें.

# रीवा जिले के आवेदकों की रीवा श्रम न्यायालय में होगी सुनवाई

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, रीवा जिले के 5 आवेदकों द्वारा उनके नियोजकों के विरूद्ध प्रकरण श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर में दर्ज किए गए थे.**

श्रम आयुक्त ने अलग-अलग आदेश जारी कर सभी प्रकरणों की सुनवाई श्रम न्यायालय रीवा में करने के लिए निर्दिष्ट किया है. उन्होंने कहा है कि औद्योगिक संबंध मुख्यालय औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 14 की उपधारा 10 में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए प्रकरणों में कार्यवाही की गई है. अधिनियम की धारा 7 के तहत गठित श्रम न्यायालय रीवा को इन प्रकरणों की सुनवाई के लिए अधिकृत किया जा रहा है. इन प्रकरणों में आवेदक करण सिंह परिहार पिता सूर्यबली सिंह परिहार विरूद्ध अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला, आवेदिका सानू यादव पिता भैयालाल यादव विरूद्ध हिन्दुस्तान फील्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ज्वाइंट वेंचर ऑफ ग्लोबल स्मालेन होल्डिंग एण्ड हिन्दुस्तान यूनिवर लिमिटेड मुम्बई शामिल हैं. श्रम आयुक्त ने आवेदक बृजभूषण अग्निहोत्री पिता कुमुदेश्वर प्रसाद अग्निहोत्री विरूद्ध प्रबंध संचालक अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड बेला तथा आवेदक जितेन्द्र मिश्रा पिता देवदत्त एवं चार अन्य श्रमिकगण विरूद्ध प्रबंधक एजाइल सिक्योरिटी सर्विस बंजारा हिल्स हैदराबाद एवं प्राचार्य फूड क्राफ्ट संस्थान रतहरा रीवा शामिल हैं.

# सिन्धु दर्शन यात्रा का आयोजन 1 जून से

**रीवा, 24 अप्रैल,** राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था भारतीय सिंधू सभा के तत्वाधान में आगामी जून माह मे सिन्धु दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है. राष्ट्रीय संयोजक सुरेन्द्र लछवानी ने बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जून माह में सिंधू दर्शन यात्रा का भव्य आयोजन किया गया है. यह यात्रा 1 जून से 12 जून तक आयोजित की गई है, यात्रियों की सुविधा के लिए यह यात्रा सड़क मार्ग एवं वायुमार्ग से आयोजित की गई है. रीवा जिला अध्यक्ष शेखर सचदेव ने बताया कि तैयारी चल रही है.

# अधिवक्ता संघ का चुनाव, प्रथम चरण की मतगणना में राजेन्द्र आगे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर मतदान गुरूवार को हुआ था और शुक्रवार की सुबह से मतगणना प्रारंभ है. प्रथम राउंड से ही अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राजेन्द्र पाण्डेय अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक शुक्ला से बढ़त बनाई है.**



2377 मतो की गिनती चल रही है खबर लिखे जाने तक आधे मतो की गिनती चुनाव अधिकारी शारदा प्रसाद मिश्रा सहित उनके सहयोगी अधिकारी सूर्यनाथ पांडे आबिद खान राजेंद्र सिंह पटेल शबदेंद्र सिंह रेबाशंकर अवस्थी मार्कण्डेय सिंह के सहयोग से पूर्ण हुई है, अभी गिनती लगातार जारी है जो शनिवार की अल सुबह तक पूर्ण होने की संभावना है. अध्यक्ष पद के लिये 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिस प्रकार से रूझान सामने आ रहे है उससे लग रहा है कि एक बार फिर राजेन्द्र पाण्डेय बाजी मारेगे.

मतगणना के लाइव हेतु कोर्ट परिसर में पिछले चुनाव की तरह अधिवक्ताओं के बीच एक बड़ी स्क्रीन चुनाव अधिकारी द्वारा लग बाई गई है मुख्य चुनाव अधिकारी की मांग पर जिला पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस बल तैनात किया गया है.

# खुद की भूमि पर बना दिया टीन शेड और नाली पर खड़ा कर दिया एटीएम बॉक्स

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, चोरहटा से रतहरा तक जाने वाली माडल सड़क में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है. नगर निगम के जोन क्रमांक 3 में पीके स्कूल के सामने फुटपाथ पर एटीएम बाक्स लगा दिया गया.**




व्यापारी ने अपनी जमीन शेड़ बनाकर किराये में दे दी और सामने सड़क की भूमि में एटीएम खुलवा कर किराया वसूल रहा है. मजे की बात तो यह है कि नगर निगम उड़नदस्ता प्रभारी को यह अतिक्रमण दिखाई नही दे रहा है. रातो रात एटीएम खड़ा कर दिया गया. जानकारी के मुताबिक व्यापारी ने अपनी भूमि पर बकायदे टीन शेड़ बनाकर किराये पर दे दिया. टीन शेड़ की अनुमति नगर निगम से ली गई कि नही यह जांच का विषय है. टीन शेड़ के आगे नगर निगम की नाली से सटाकर हिताची का एटीएम लगवा दिया गया है. फुटपाथ पर लगे एटीएम से पैदल चलने वालो को दिक्कत हो रही है. सवाल यह उठ रहा है कि अमहिया मार्ग में अतिक्रमण हटाने नगर निगम को पसीना छूट रहा है. आगे चलकर यही स्थित माडल रोड़ की होने वाली है. खुद की भूमि पर कारोबार किया जा रहा है और जो सड़क से लगी भूमि है उस पर अतिक्रमण कर एटीएम खोला गया है. सड़क से कितनी भूमि छोड़ने का जो नियम है उसका पालन नही किया जा रहा है. पहले एटीएम यही पर लगा था जो पीछे था, बाद में आगे कर दिया गया.

# आईटीआई पार्किंग में खड़ी छात्र की बाइक चोरी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, शहर में स्थित शासकीय आईटीआई से चोरों पार्किंग में खड़ी छात्र की बाइक को पार कर दिया.**

बाइक चोरी की इस घटना के बाद पीड़ित छात्र को अब कॉलेज आने जाने की गंभीर समस्या का सामना भी करना पड़ रहा है. फिलहाल छात्र नें बाइक चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराते हुये बाइक को जल्द से जल्द बरामद करने की मांग की है, ताकि वह आईटीआई की पढ़ाई को बिना किसी बाधा के पूरी कर सके. दरअसल बाइक चोरी का यह मामला शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज का है. पीडित छात्र काशी प्रजापति के मुताबिक वह कॉलेज से तकरीबन 15 किलोमीटर दूर तिलखन गांव से प्रतिदिन आता है. कॉलेज परिसर में ही स्थित पार्किंग से उसकी बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया. फिलहाल चोरी की इस घटना के बाद से छात्र को कालेज आने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पुलिस भी कुछ नही कर रही है.

# आग लगने से खेत और खलिहान में रखी फसल जलकर खाक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, शुक्रवार की सुबह गुहिडया गांव में किसानो के खेत और खलिहान में आग लगने से फसल जलकर राख हो गई.**

दरअसल आगजनी की यह घटना ग्राम गुहिया की बताई जा रही है. गांव में स्थित खेत और खलिहान में रखी कई एकड़ की कटी हुई फसल जलकर पूरी तरह से राख हो गई है. हालाकि घटना के दौरान ग्रामीणों ने मदद के लिये फायर ब्रिगेड, पुलिस और विद्युत विभाग को सूचना दी, लेकिन किसी नें भी मौके पर पहुंचना मुनासिब नही समझा और 4 घंटे तक आग का ताण्डव चलता रहा. दमकल भी समय पर नही पहुंचा. ग्रामीणो ने कड़ी मसक्कत के बाद आब पर किसी तरह काबू पाया.

# विश्वविद्यालय को पहली बार अखिल भारतीय प्रतियोगिता में मिला गोल्ड मेडल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 24 अप्रैल, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि आई है. अखिल भारतीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के खाते में पहली बार गोल्ड मेडल आया है.**

स्थापना के 57 साल बाद अभी तक किसी प्रतियोगिता में कभी गोल्ड मेडल एपीएसयू को नहीं मिला. विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि से जिले सहित विंध्य क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है. बता दें कि अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में अखिल भारतीय जुजुत्सु प्रतियोगिता का आयोजन एसएनसीटी भोपाल में किया जा रहा है. जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग के खिलाड़ी के बीपीएस के पाचवें सेमेस्टर के छात्र उमेश साकेत ने गोल्ड मेडल हासिल कर यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के नाम की है. इसके साथ ही विश्वविद्यालय के ही छात्र विशाल बंसल ने 69 किलो ग्राम भार ने इसी खेल में ब्रांस मेडल हासिल किया है.

इन खिलाड़ियों ने यह बड़ी उपलब्धि दर्ज करायी है. डाक्टर रामभूषण मिश्रा, संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग एपीएसयू रीवा ने बताया कि अखिल भारतीय जुजुत्सु प्रतियोगिता में उमेश साकेत ने 62 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है, इसके साथ ही विशाल बंसल ने 69 किलो ग्राम भार वर्ग में ब्रांच मेडल जीता है. अखिल भारतीय प्रतियोगिता में पहली बार विश्वविद्यालय को गोल्ड मेडल मिला है. सभी ने बधाई दी है.